अंजनी का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे,
जिसने लिया तेरा आसरा,
सब संकट को हर डाला रे,
अंजनि का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे।।

संकटमोचन नाम तुम्हारा,
भोले के अवतार,
दुष्टों के दिल भय से कांपे,
सुनते ही ललकार, बजरंग,
सुनते ही ललकार,
है दयालु है कृपालु,
है दयालु है कृपालु,
तेरी महिमा अपरम्पार,
अंजनि का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे।।

श्री राम के सेवक बनकर,
किए है अद्भुत काम,
फांद समंदर लंका उजाड़ी,
लाये सिया पैगाम,
संजीवन तुम लाए,
संजीवन तुम लाए,
गया काल भी तुमसे हार,

अंजनि का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे।।

भारत में फिर से असुरो ने,
अत्याचार फैलाये,
गली गली रोती है सीता,
रावण जुलम बढ़ाए,
प्रभु आओ अब बचाओ,
प्रभु आओ अब बचाओ,
फिर मच गई हाहाकार,
अंजनि का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे।।

ना जानू मैं पूजा अर्चन,
नहीं मुझे कोई ज्ञान,
मैं कवला हूँ सरल तुम्हारा,
मांगू ये वरदान,
चरणों में रहे लख्खा,
चरणों में रहे लख्खा,
दम निकले तो बस तेरे द्वार,
अंजनि का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे।।

अंजनी का लाला रे,
भक्तो का रखवाला रे,
जिसने लिया तेरा आसरा,
सब संकट को हर डाला रे,
अंजनि का लाला रे,

भक्तो का रखवाला रे।।

Singer : Lakkha Ji

Source: https://www.bharattemples.com/anjani-ka-lala-re-bhakto-ka-rakhwala-re/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw